बैकअप और नेटवर्क तथा सर्वर सपोर्ट

केलिए

निविदा सूचना

(एम एस टी सी ई निविदा सं. - SPICEB/19-20/ET/5)

ई डी पी/सर्वर-अनुरक्षण /2017 06-08-2019

**1. परिचय**

स्पाइसेस बोर्ड(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी संवर्धन का अग्रणी संगठन है। बोर्ड भारतीय निर्यातकों तथा विदेशी आयतकों के बीच की अंतर्राष्ट्रीय कड़ी है।

**2. कार्य की संभावना**

कृपया अनुबंध-1 देखें।

**3. एजेंसी को सूचना**

क) मसाला बोर्ड, प्रस्तुत किए गए किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।

ख) प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पूर्व स्पाइसेस बोर्ड, किसी भी समय, किसी भी कारणवश, अपनी ही पहल पर या किसी आमंत्रित फर्म के स्पष्टीकरण के अनुरोध की प्रतिक्रिया में कार्य की संभावना का संशोधन कर सकता है। किसी भी प्रकार का संशोधन बोलीदाताओं की सूचना केलिए वेबसाइट पर दिया जाएगा और वह बोलीदाताओं पर बाध्यकारी होगा। स्पाइसेस बोर्ड अपने विवेक के अनुसार प्रस्तावों को प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख बढ़ा सकता है।

ग) आवेदकों को अपनी निविदाएं प्रस्तुत करने से पहले निविदा में कोई बदलाव या संशोधन केलिए स्पाइसेस बोर्ड के वेबसाइट देखना आवश्यक है।

**4. पात्रता मानदंड**

*इ-निविदा प्रस्तुत करते समय पात्रता-मानदंड के प्रमाण केलिए समर्थक दस्तावेज़ों को अपलोड करना होगा।*

निम्नलिखित पात्रता-मानदंड पूरा करने वाली कंपनियों/फर्मों/संगठनों द्वारा निविदा प्रस्तुत की जाएगी

क) सेवा प्रदाता किसी भी सरकार/सार्वजनिक उपक्रम के द्वारा कालीसूची में शामिल हुआ नहीं होना चाहिए **(इ-निविदा प्रस्तुत करने समय स्व-घोषणा-पत्र अपलोड किया जाना चाहिए)**

**5. मूल्य बोली प्रपत्र (ऑनलाइन में देना होगा)**

| **#** | **मद** | **कुल लागत -रुपयों में** |
|---|---|---|
| क | मासिक सेवा लागत | |
| **ख** | **उपर्युक्त (मद क) केलिए लागू कर** | |

नोट : **अनुबंध-1** में कार्य की संभावना प्रदान की गई है।

**6. स्पष्टीकरण**

किसी भी स्पष्टीकरण केलिए, उप निदेशक(ई डी पी) से jijesh.das@nic.in पर संपर्क कर सकते हैं ।

**7. महत्वपूर्ण अनुदेश**

यह स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची का इ-प्रापण इवेंट है। इ-प्रापण सर्वीस प्रोवाइडर एम एस टी सी लिमिटेड, 225 सी, ए.जे.सी. बोस रोड, कोलकाता-700 020 है। आपसे अपनी ऑन-लाइन निविदा प्रस्तुत करने से पहले, इस निविदा के निबंधन व शर्तों को पढने का अनुरोध किया जाता है। दस्तावेज़ी प्रमाण (जहां कहीं अपेक्षित हो), के साथ शर्तों का अनुपालन न करनेवाले निविदाकार मूल्य बोली खोलने की निविदा केलिए योग्य नहीं होंगे।

कृपया, अधिक जानकारी केलिए **अनुबंध-2** देखें।

**8. निविदा की अनुसूची**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का प्रकार | इ-प्रापण प्रणाली<br>(एम एस टी सी लि.के https://www. mstcecommerce .com/eprochome/spiceb के ज़रिए ऑन-लाइन पार्ट-1 - प्रौद्योगिक-वाणिज्यिक बोली एवं पार्ट-II मूल्य बोली ) |
| 2 | संव्यवहार फ़ीस<br><br>नोट: कृपया नोट करें कि विक्रेता को एम एस टी सी लि., कोलकाता के नाम संव्यवहार फ़ीस चुकाने के बाद ही ऑन-लाइन इ-निविदा में एक्सेस होगा। | 1,274/- रुपए (18% की दर पर जी एस टी सहित)<br><br>एम एस टी सी लिमिटेड के नाम संव्यवहार फ़ीस का भुगतान (खंड 4, अनुबंध 2 देखें) (संव्यवहार फ़ीस और संबंधित बैंक चार्ज बोली लगानेवाले के द्वारा चुकाए जाने है) |
| 3 | बोली आरंभ तारीख व समय | 06-08-2019, सुबह 10.00 बजे |
| 4 | बोली समापन तारीख व समय | 27-08-2019, दोपहर बाद 2.00 बजे |
| 5 | पार्ट1(अर्थात् प्रौद्योगिक-वाणिज्यिक बोली) को खोलने की तारीख व समय | 27-08-2019, दोपहर बाद 2.30 बजे |

**9. ई एम डी**

किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से कोचिन में देय "सचिव, स्पाइसेस बोर्ड" के नाम लिए गए डिमांड ड्राफ़्ट के रूप में 45,000/- रुपए के बराबर की ई एम डी, बोलीदाताओं की ओर से प्रस्तुत करनी चाहिए । ई एम डी तीन महीनों तक विधिमान्य होगी। ई एम डी केलिए बैंक गारंटी स्वीकार नहीं की जाएगी।

ई एम डी के बिना तकनीकी बोली का निरसन किया जाएगा। यदि सरकार द्वारा बयाना राशि के भुगतान से विशेष रूप से छूट दी गई हो, तो उसके कारण और प्रमाण इ-निविदा प्रस्तुत करते वक्त अपलोड किए जाने हैं।

असफ़ल बोलीदाताओं की ई एम डी (बिना किसी ब्याज के ) निविदा के खोलने की तारीख के 45 दिनों के अंतर्गत वापस की जाएगी।

सफ़ल बोलीदाताओं की ई एम डी रकम (बिना किसी ब्याज के )कार्य आदेश की स्वीकृति और "ठेका निष्पादन गारंटी" की प्रस्तुति के बाद 30 दिनों के अंतर्गत वापिस किया जाएगा।

यदि विक्रेता द्वारा अपनी निविदा की विधिमान्यता की अवधि के अंतर्गत अपनी निविदा वापस लेने या उसका संशोधन किए जाने या निविदा का किसी भी प्रकार अनादर किए जाने की स्थिति में बयाना जमा ज़ब्त किया जाएगा।

ई एम डी "बैकअप और नेटवर्क तथा सर्वर समर्थन केलिए ई एम डी" उपरिलिखित मोहरबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्रीकृत डाक/दस्ती द्वारा निविदा के समापन-समय से पूर्व निम्नलिखित पते पर पहूंच जानी चाहिए :

**उप निदेशक(ई डी पी)**
**स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन**
**एन एच बै पास,पालारिवट्टम पी ओ, कोच्ची-25**
**टेली: 91-484-2333603 इ-मेइल: jijesh.das@nic.in**

**10. ठेका निष्पादन गारंटी**

सफ़ल बोलीदाता को कार्य आदेश की स्वीकृति के 15 दिनों के भीतर, कार्य आदेश की स्वीकृति की तारीख से दो वर्षों की अवधि केलिए वैध, बिना शर्त की अपरिवर्तनीय बैंक गारंटी के रूप में 5,00,000/- रुपए के समतुल्य एक ठेका निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा ।

ठेका निष्पादन गारंटी, परियोजना की सफ़ल पूर्ति के बाद ही सफ़ल बोलीदाता को वापस की जाएगी।

यदि सफल बोलीदाता एक वर्ष की ठेका-अवधि के तहत सेवा प्रदान करने में विफल रहता है या सहमत समय-सारणी के अनुसार किसी भी बैकअप क्लाउड स्थान नहीं मिलता है या कोई बैकअप विकृत पाया जाता है ताकि इसे लोड नहीं किया जा सके या लोड होने के बाद गलत डेटा / अपूर्ण डेटा देता है, तो ठेका निष्पादन गारंटी का नकद बनाया जाएगा। बोर्ड तत्काल प्रभाव से ठेका समाप्त कर सकता है।

**11. भुगतान निबंधन**

मासिक सेवा लागत हर महीने की समाप्ति पर चुकाई जाएगी, बशर्तेकि सेवा संतोषजनक हो।

**12. अन्य निबंधन व शर्तें**

1.निविदा में कोई सहसंघ की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. सफल विक्रेता कार्य आदेश प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर कार्य आदेश स्वीकार करेगा, और कार्य आदेश की स्वीकृति के 15 दिनों के अंतर्गत ठेका निष्पादन गारंटी जमा करेगा। एक बार कार्य आदेश स्वीकार करने के बाद, सेवा (काम के दायरे में उल्लिखित सभी मदें ) एक महीने की अधिकतम अवधि के भीतर प्रदान की जाएगी। इनमें से किसी में विफल होने पर, ईएमडी जब्त कर दी जाएगी और कार्य आदेश रद्द कर दिया जाएगा।

3. जमा करने की तारीख के बाद कम से कम 3 महीने के लिए निविदा वैध रहनी चाहिए। इस अवधि के दौरान, बोलीदाता से समनुदेशन के लिए प्रस्तावित पेशेवर कर्मचारियों को उपलब्ध रखने की उम्मीद है।

4.स्पाइसेस बोर्ड इस अवधि के अंदर निविदा पर निर्णय लेने का अपना भरपूर प्रयास करेगा। यदि स्पाइसेस बोर्ड प्रस्तावों की वैधता अवधि बढ़ाने की इच्छा रखते हैं, तो बोलीदाता जो सहमत नहीं हैं, उनके पास अपने प्रस्तावों की वैधता न बढ़ाने का अधिकार है।

5. परियोजना की अवधि दो वर्ष है। वैसे, बोर्ड, किसी भी समय, एक महीने का नोटिस देकर, ठेका समाप्त करने का अधिकार रखता है।

**उप निदेशक (ईडीपी)**

**Annexure 1**

# Detailed Requirements

*a)* The vendor shall maintain backups of following databases with all data and objects to 3 different cloud locations and one external hard disk Spices Board, Kochi. All infrastructure requirements (including hard disks) will be the responsibility of the vendor. The backups must be stored as daily (last 7 days), weekly, monthly and yearly.

| # | Database | OS | Number of Servers |
|---|---|---|---|
| 1 | Oracle | centOS | 1 |
| 2 | Mysql | centOS | 1 |
| 3 | Mysql | Red Hat | 2 |
| 4 | Postgresq | ubuntu | 1 |

*b)* The vendor shall maintain backups of following PHP/Java servers with all code and server configurations to 3 different cloud locations and one external hard disk Spices Board, Kochi. All infrastructure requirements (including hard disks) will be the responsibility of the vendor. The backups must be stored as daily(last 7 days), weekly, monthly and yearly.

| # | Server | OS | Number of Servers |
|---|---|---|---|
| 1 | Java | Ubuntu | 1 |
| 2 | PHP | centOS | 1 |
| 3 | PHP | Red Hat | 2 |

*c)* QUADMAS Software backups (Generated Files and MSSQL) backups need to be taken from seven QEL locations (Chennai, Narela, Kochi, Tuticorin, Kandla, Mumbai, Guntur) to three external hard disks kept at Spices Board offices at these locations. Hard disks will be provided by Spices Board and remote access will be provided. All other infrastructure requirements will be the responsibility of the vendor. The file backups and database backups must be stored as daily (last 7 days), weekly, monthly and yearly.

In addition, the backups of Kochi QEL, must be stored in one cloud location as per the schedules mentioned above.

*d)* The vendor shall load data *(any data mentioned in a,b, and c)* into a database/server without any lose whenever such a request is made Spices Board. The data loading activity must be completed within 12 hours.

*e)* The vendor shall maintain network/network devices (Switch, Router, etc.) at Spices Board, Kochi with troubleshooting of all network related issues. Purchase or replacement of items will not be covered under this AMC. The service shall be provided on 24*7 basis.

*f)* The vendor shall maintain all the servers and databases mentioned above (sl.no. a, b, c) with troubleshooting of all server related issues. Purchase or replacement of items will not be covered under the scope of work. The service shall be provided on 24*7 basis.

*g)* The vendor shall monitor all the backups mentioned in a,b and c. The vendor shall load the backups to test server once in a month and ensure the correctness of the backup *(test servers will be provided by Spices Board)*

*h)* The vendor shall provide one technical support person on site at spices board HO, Cochin during Monday to Friday 9AM to 5.30PM

| | |
|---|---|
| 1. | **इ-निविदा प्रक्रिया**<br>अ) इस प्रक्रिया में मुफ्त एम एस टी सी इ-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल के साथ विक्रेता का रजिस्ट्रीकरण शामिल है। रजिस्ट्रेशन के बाद ही, विक्रेता अपनी बोली इलेक्ट्रॉनिकी तौर पर प्रस्तुत कर सकता है। तकनीकी-वाणिज्यिक बोली के साथ-साथ मूल्य-बोली प्रस्तुत करने केलिए इन्टरनेट द्वारा इलेक्ट्रॉनिक बिडिंग किया जाएगा। विक्रेता को श्रेणी III साइनिंग टाइप डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त करना चाहिए। विक्रेता द्वारा इन्टरनेट सहित पी सी से बोली लगाने की व्यवस्था स्वयं की जानी है। एम एस टी सी/स्पाइसेस बोर्ड ऐसी व्यवस्था करने के जिम्मेदार नहीं रहेंगे। (बिना डिजिटल हस्ताक्षर के, बोलियों को दर्ज नहीं किया जाएगा।)<br><br>**विशेष टिप्पणी** : मूल्य-बोली और वाणिज्यिक-बोली ऑन-लाइन द्वारा ***http://www. mstcecommerce.com/eprochome/spiceb/buyer_login.jsp*** को प्रस्तुत की जानी है।<br>1) विक्रेताओं को स्वयं *www. mstcecommerce.com→ e-Procurement→ PSU/ Govtdepts.→ SpicesBoard → Register as Vendor Filling up details and creating own user id and password→ Submit* से ऑनलाइन रजिस्टर करना अपेक्षित है।<br>2) विक्रेता को रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरते समय उनके द्वारा दिए गए इ-मेइल में अपने रजिस्ट्रीकरण की पुष्टि के साथ सिस्टम जनरेटड मेइल मिल जाएगा। किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में, कृपया एम एस टी सी/स्पाइसेस बोर्ड से संपर्क करें (इ-निविदा केलिए निर्धारित समय से पूर्व)।<br>**संपर्क व्यक्ति(एम एस टी सी)**<br>1. श्री अर्णब सरकार - मोब: 9986036012 asarkar@mstcindia.co.in<br>2. श्री रवीन्द्रनाथ - मोब: 7676456095 ravindranathkb@mstcindia.co.in<br>ख) **सिस्टम अपेक्षा:**<br>i) विंडोज़ 98/एक्स पी-एस पी 3 व उससे बेहतरीन / विंडोज़ 7 ओपरेटिंग सिस्टम<br>ii) आई ई -7 और उससे बेहतरीन इन्टरनेट ब्राउसर<br>iii) साइनिंग टाइप डिजिटल सिग्नेचर<br>iv) सिस्टम में जे आर ई 8 अपडेट 171 और बेहतरीन सॉफ्टवेयर डाउन्लोड करके इन्स्टाल किया जाना है। *ALL* को एनेबल करने केलिए X कंट्रोल सक्रिय बनाएँ और डिसेबिल करने केलिए पॉप-अप ब्लोकर '*Tools→Internet Options→ custom level*' का प्रयोग करें। |
| 2. | 2. (क) तकनीकी-वाणिज्यिक बोली भाग- I एन आई टी में दिए अनुसार विनिर्दिष्ट तारीख और समय पर इलेक्ट्रॉनिक तौर पर खोली जाएगी। बोलीदाता इलेक्ट्रॉनिक तौर पर बोली का खोलना देख सकते हैं।<br>(ख) मूल्य-बोली,भाग II इलेक्ट्रॉनिक तौर पर केवल उन बोलीदाताओं केलिए खोली जाएगी, जिनकी तकनीकी- वाणिज्यिक बोली भाग I स्पाइसेस बोर्ड द्वारा तकनीकी- वाणिज्यिक तौर पर स्वीकार्य पाई जाती है। ऐसे बोलीदाताओं को उनके द्वारा पुष्ट वैध इ-मेइल के ज़रिए भाग I मूल्य बोली को खोलने की तारीख सूचित की जाएगी।<br>**<u>नोट</u>**:<br>बोलीदाताओं को अपनी अधिकतम संभाव्य दर बताने की सलाह दी जाती है। सामान्यत: इस पर कोई परक्रामण नहीं होगा, अत: मूल्य-बोली प्रस्तुत करते समय कृपया अपना सबसे प्रतियोगी मूल्य प्रस्तुत करें। फिर भी, वर्तमान विपणी- स्थितियों पर विचार करते हुए यदि न्यूनतम दर संगत पाई जाती है तो,न्यूनतम बोलीदाता को आदेश जारी किया जाएगा और उसके बाद भी दर उच्च मानी जाती है, वर्तमान अनुदेश / मार्ग-निर्देश के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। |
| 3 | निविदा की सभी प्रविष्टियों की, बिना किसी अस्पष्टता के ऑन-लाइन तकनीकी व वाणिज्यिक फॉर्मैट में प्रविष्टि की जानी चाहिए। |
| 4 | **लेनदेन शुल्क संबंधी विशेष टिप्पणी** : विक्रेता वेंडर लॉग-इन के "*My Menu*" के अंतर्गत "*Transaction Fee Payment*" लिंक का प्रयोग करके लेनदेन-शुल्क का भुगतान करेगा। विक्रेता को *Event dropdown box* से नियत निविदा का चयन करना पड़ता है। विक्रेता को या तो एन ई एफ टी द्वारा नहीं तो ऑनलाइन भुगतान द्वारा भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध है। एन ई एफ टी का चयन किया जाता है तो विक्रेता एक फॉर्म भरकर एक चालान तैयार करेगा। विक्रेता लेनदेन-शुल्क की राशि का भुगतान चालान में कोई परिवर्तन किए बिना, उसमें छपे विवरणों के अनुसार करेगा। ऑनलाइन भुगतान का चयन करने पर, विक्रेता को अपने क्रेडिट/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग का इस्तेमाल करके भुगतान करने का प्रावधान होगा। एम एस टी सी के नामित बैंक |

| | |
|---|---|
| | खाते में भुगतान के एक बार जमा होने पर लेनदेन-शुल्क स्वत: अधिकृत हो जाएगा और विक्रेता को सिस्टम जनित मेइल प्राप्त होगा। <br> **<u>लेनदेन-शुल्क अप्रतिदेय है</u>** <br> लेनदेन-शुल्क का भुगतान किए बिना विक्रेता ऑनलाइन इ-निविदा नहीं प्राप्त कर सकता है । <br> **नोट:** विक्रेताओं को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से पूर्व बहुत पहले ही लेनदेन-शुल्क का भुगतान करना चाहिए, जैसे कि एम एस टी सी द्वारा लेनदेन-शुल्क की प्राप्ति के बाद ही बोली प्रस्तुत करने केलिए उनको सक्रिय किया जाएगा। <br><br> **संपर्क** : फैक्स नं : 033-22831002 <br> इ-मेइल आई ड़ी : rpradhan@mstcindia.co.in <br><br> बोलीदाता यह नोट करें कि लेनदेन-शुल्क बोलीदाता के खाते से उनके नामे जमा किया जाना चाहिए। किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा या उसके खाते से उसके नामे जमा किया गया लेनदेन-शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा। लेनदेन-शुल्क अप्रतिदेय है। <br><br> यदि किसी कारणवश लेनदेन-शुल्क का भुगतान नहीं किए जाने के मामले में, विक्रेता उस अवधि में, ऑनलाइन इ-निविदा प्राप्त नहीं कर पाएगा। |
| 5 | विक्रेताओं को डोक्यूमेंट लाइब्ररी में दस्तावेज़ अपलोड करने केलिए ***My Menu*** के ***Upload Documents*** लिंक का इस्तेमाल करने का अनुदेश दिया जाता है। एकाधिक दस्तावेज़ अपलोड किया जा सकता है। अपलोड करने हेतु एकल दस्तावेज़ का अधिकतम साइज़ 4 एम बी है। <br> एक बार लाइब्ररी में दस्तावेज़ों को अपलोड किए जाने पर विक्रेताओं को नियत निविदा में ***Attach Document*** के ज़रिए दस्तावेज़ों को जोड़ना चाहिए। आगे सहायता केलिए □□□□□ □□□□ के अनुदेश देखें। |
| 6 | स्पाइसेस बोर्ड तथा एम एस टी सी (इ-प्रोक्यूरमेंट सर्वीस प्रोवाइडर) द्वारा निविदा पर अंतिम निर्णय लिए जाने तक की प्रक्रिया के दौरान बोलीदाता(ओं) केलिए सभी सूचना और पत्राचार केवल इ-मेइल द्वारा भेजे जाएंगे। अत: बोलीदाताओं द्वारा यह सुनिश्चित करना अपेक्षित है कि उनको दी गई कॉर्पोरेट इ-मेइल आई डी वैध है और एम एस टी सी (अर्थात् सर्वीस प्रोवाइडर) के साथ विक्रेता के रजिस्ट्रीकरण के समय उसे अद्यतन बनाया जाता है। बोलीदाताओं से यह भी अनुरोध है कि वे अपने डी एस सी (डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट) की वैधता सुनिश्चित करें। |
| 7 | (i) कृपया नोट करें कि एन आई टी में बताए वेबसाइट से निविदा दस्तावेज़ डाउन्लोड करने वालों की सूची लेने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसी स्थिति में, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे निविदा खोलने की नियत तारीख से पहले यह सुनिश्चित करने केलिए एक बार फिर वेबसाइट देखें कि निविदा दस्तावेज़ को डाउन्लोड किए जाने के बाद उक्त निविदा के संदर्भ में कोई शुद्धिपत्र अपलोड किया गया है तो वह चूक नहीं गया है। **संबंधित शुद्धिपत्र यदि कोई है तो उसे डाउन्लोड करने का दायित्व डाउन्लोड करनेवालों का रहेगा।** <br> (ii) इस एन आई टी के किसी शुद्धिपत्र (यदि कोई है) के बारे में कोई अलग सूचना उन बोलीदाता(ओं) को नहीं भेजी जाएगी, जिन्होंने वेबसाइट से दस्तावेज़ों को डाउन्लोड किया है। कृपया एम एस टी सी लिमिटेड का वेबसाइट *http://www.mstcecommerce.com/eprochome/spiceb* देखें। |
| 8 | एन आई टी में बताई नियत तारीख और समय के बाद इ-निविदा प्राप्त नहीं की जा सकती है। |
| 9 | **इ-निविदा में बोली लगाना और प्रतिवर्ती नीलामी** <br> क) इ-निविदा में ऑनलाइन बोली लगाने के पात्र बन जाने केलिए बोलीदाता द्वारा अपेक्षित ई एम ड़ी, निविदा शुल्क (यदि कोई है तो) और लेनदेन- शुल्क प्रस्तुत किया जाना चाहिए। निविदा-शुल्क और लेनदेन-शुल्क अप्रतिदेय हैं। ई एम ड़ी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। असफल बोलीदाता(ओं) को उनकी ई एम डी की प्रतिपूर्ति स्पाइसेस बोर्ड द्वारा की जाएगी। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से पूर्व स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची को ई एम डी वस्तुगत रूप में भेज दी जानी चाहिए। <br> ख) इस प्रक्रिया में तकनीकी-वाणिज्यिक बोली के साथ-साथ मूल्य-बोली प्रस्तुत करने केलिए इलेक्ट्रॉनिक बिडिंग शामिल है। <br> इ) उपरोक्त शुल्क प्रस्तुत करने वाले बोलीदाता ही एम एस टी सी वेबसाइट ***www.mstcecommerce.com****→e-procurement→PSU/Govt Depts → Spices board Login →My menu→ Auction Floor Manager→ live event* |

| | |
|---|---|
| | →*Selection of the live event*→ में इन्टरनेट के ज़रिए अपनी तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियाँ और मूल्य-बोलियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं।<br>ग) बोलीदाता द्वारा जोखिम उठाते हुए और *on run* क्लिक करके *enApple* नामक एप्लिकेशन को चालू होने दिया जाना चाहिए। *Techno-Commercial bid* पर क्लिक करने के तुरंत बाद लगातार दो बार ऐसा करना चाहिए। यदि एप्लिकेशन चालू नहीं है तो बोलीदाता अपनी बोली "*save/submit*" नहीं कर पाएगा।<br>घ) तकनीकी-वाणिज्यिक बोली भरने के बाद बोलीदाता को अपनी तकनीकी-वाणिज्यिक बोली दर्ज करने केलिए "*Save*" क्लिक करना चाहिए। एक बार ऐसा करने पर, *price bid* लिंक सक्रिय बन जाता है और उसे भर देना चाहिए और तदुपरान्त बोलीदाता को अपनी मूल्य-बोली दर्ज करने केलिए "*Save*" क्लिक करना चाहिए। इस प्रकार एक बार तकनीकी-वाणिज्यिक बोली व मूल्य-बोली *save* हो जाती हैं, बोलीदाता अपनी बोली रजिस्टर करने केलिए "*submit*" बटन क्लिक कर सकता है।<br>ड.) सभी मामलों में, अपनी बोली प्रस्तुत करते समय बोलीदाता द्वारा डिजिटल सिग्नेचर के साथ अपनी आई डी और पासवर्ड का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।<br>च) पूरी इ-निविदा प्रक्रिया के दौरान, बोलीदाता एक दूसरे केलिए और हर किसी केलिए भी पूर्णत: अज्ञात रहेंगे।<br>छ) इ-निविदा सुविधा इस केलिए पूर्व-घोषित तारीख व समय से और ऊपर बताए अवधि के दौरान उपलब्ध रहेगी।<br>ज) इ-निविदा प्रक्रिया के दौरान प्रस्तुत की जाने वाली सभी इलेक्ट्रॉनिक बोलियाँ बोलीदाता पर कानूनी तौर पर बाध्यकारी रहेंगी। कोई भी बोली बोलीदाता द्वारा दी गई वैध बोली मानी जाएगी और क्रेता द्वारा उसकी स्वीकृति आपूर्ति केलिए क्रेता और बोलीदाता के बीच एक बाध्यकारी ठेका बनेगी। ऐसे सफल निविदाकार को आगे **आपूर्तिकर्त्ता** कहा जाएगा।<br>झ) सभी बोलियाँ अनिवार्यत: डिजिटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत की जानी हैं अन्यथा सिस्टम द्वारा उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।<br>ञ) क्रेता निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से, जैसे भी हो, उसका कोई कारण बताए, रद्द या निरस्त या स्वीकार या वापस लेने या बढ़ाने का अधिकार रखता है।<br>ट) निविदा-दस्तावेज़ के निबंधनों व शर्तों से कोई विचलन अनुमत नहीं है। किसी भी बोलीदाता द्वारा इ-निविदा सुविधा में बोली की प्रस्तुति निविदा के निबंधनों व शर्तों की स्वीकृति की पुष्टि करती है।<br>ठ) मापन-यूनिट[ यू ओ एम] इ-निविदा सुविधा में सूचित है। इ-निविदा सुविधा/ निविदा दस्तावेज़ में सूचित यू ओ एम के अनुसार, कोट की जाने की दर भारतीय रुपए में होनी चाहिए। |
| 10 | इस मुक्त इ-निविदा के सिलसिले में जारी कोई आदेश उसमें बताए निबंधनों व शर्तों के अनुसार नियंत्रित होगा। |
| 11 | तकनीकी व वाणिज्यिक निबंधनों व शर्तों से विचलन अनुमत नहीं है। |
| 12 | ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने और एक बार डिजिटल सिग्नेचर के साथ यह प्रस्तुत की गई है, उसके बाद बोलीदाता निविदा प्राप्त नहीं कर सकता। |
| 13 | स्पाइसेस बोर्ड , कोच्ची बिना कोई कारण बताए इस इ-निविदा को रद्द करने या बोली(यों) को स्वीकार करने की तारीख बढ़ाने का अधिकार रखता है। |
| 14 | ऑनलाइन निविदा एम एस टी सी लिमिटेड के वेबसाइट http://www.mstcecommerce.com/eprochome/spiceb में वास्तव में दिए गए निबंधनों व शर्तों व कार्य-विधि के अनुसार प्रस्तुत की जानी चाहिए। |
| 15 | बोलीदाता अनिवार्यत: एन आई टी के निबंधनों के अनुसार सभी दस्तावेज़ों को अपलोड या संलग्न करें। अन्य किसी भी दस्तावेज़ अपलोड किया गया है, जो एन आई टी के निबंधनों के अनुसार अपेक्षित नहीं है, उस पर विचार नहीं किया जाएगा। |
| 16 | बोली का मूल्यांकन भरी हुई तकनीकी एवं वाणिज्यिक फॉर्मैटों के आधार पर किया जाएगा । |
| 17 | बोलीदाता(ओं) द्वारा अपलोड व संलग्न किए गए दस्तावेज़ों की संवीक्षा की जाएगी। संवीक्षा के दौरान बोलीदाता द्वारा दी गई कोई भी सूचना गलत पाए जाने के मामले में, चूककर्त्ता बोलीदाता(ओं) की ई एम डी जब्त कर दी जाएगी। चूककर्त्ता बोलीदाता(ओं) के खिलाफ निलंबन या कारबार से रोक जैसी दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। |
| 18 | एम एस टी सी के इ-प्रोक्यूरमेंट मार्ग-निर्देशों केलिए विक्रेता नीचे दिए लिंक के पीडीएफ दस्तावेज़ देख सकते हैं: http://www.mstcecommerce.com/eprochome/UserManualVendor.pdf |